दिनांक : 28.11.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

जयपुर में आज से अखिल भारतीय समन्वित कृषि प्रणाली परियोजना को लेकर बैठक की जा रही है। तीन दिन चलने वाली इस बैठक को केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। उन्होंने कहा कि किसानों के कल्याण तथा उनकी आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार कई योजनाएं संचालित कर रही है। श्री चौधरी ने कहा कि राज्य के कृषि क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचारों और विविधिकरण पर विभिन्न सत्रों में विचार–विमर्श किया जाएगा। इसके साथ ही कुछ जिलों की कृषि क्षेत्र की उपब्धियों को भी बताया जाएगा। इससे ये बैठक चर्चा का एक साझा प्लेटफॉर्म साबित होगी। कार्यक्रम में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने भी शिरकत की।

000

राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दलहन और तिलहन की खरीद शुरू हो चुकी है। पंजीकृत किसान मूंगफली, उड़द, मूंग और सोयाबीन की खरीद केन्द्रों पर तुलाई करवाकर फसलों का बेचान कर सकते हैं। इसी कड़ी में भीलवाडा जिले में 27 केन्द्र बनाये गये हैं।

000

जैसलमेर को कल एक नई एक्सप्रेस रेल सेवा की सौगात मिलने जा रही है। ये रेलगाडी जैसलमेर से जोधपुर और फलौदी होते हुए दिल्ली पहुंचेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय पर्यटन मंत्री तथा जोधपुर सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ये ट्रेन जैसलमेर से दिल्ली रोजाना शाम 5 बजे चलेगी और अगले दिन सुबह साढे 9 बजे दिल्ली पहुंचेगी। वहीं वापसी में दिल्ली से शाम 5 बजकर 10 मिनट पर चलेगी और अगले दिन सुबह 9 बजे जैसलमेर पहुंचेगी।

000

जयपुर जिले की सांगानेर तहसील के पालड़ी परसा गांव के तहसीलदार सहित तीन कार्मिकों को निलंबित कर दिया गया है। इन पर तालाब की भूमि को बंजर जमीन के तौर पर दिखाने का आरोप है। इस प्रकरण में जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार ने इस गड़बड़ी को बेहद गंभीर मानते हुए तुरंत प्रभाव से निलंबन की ये कार्रवाई की है।

000

प्रदेश में बीते 24 घंटों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और बूंदाबांदी हुई। जयपुर, अजमेर, ब्यावर, डीडवाना और सीकर में कुछ स्थानों पर बरसात हुई। इसके अलावा जालौर, सिरोही, राजसमंद, पाली में भी वर्षा दर्ज की गई। इस बीच, सर्द हवाओं के कारण ठंड का अहसास बढ़ गया है। हालांकि तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हुई है। अधिकतर स्थानों पर रात का तापमान 9 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग ने आज भी जयपुर, उदयपुर और अजमेर संभाग के कई जिलों में बारिश का येलो अलर्ट बताया है। अगले दो दिन दक्षिण–पूर्वी राजस्थान में मध्यम से घना कोहरा छाये रहने की संभावना व्यक्त की गई है।

000

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यूजीसी ने उच्च शिक्षा संस्थानों से समय पर परीक्षाएँ आयोजित करने और अंतिम उपाधियाँ तथा प्रमाणपत्र जल्द जारी करने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि इसमें देरी से विद्यार्थियों को अवसरों का नुकसान होता है। उन्हें उपयुक्त और गुणवत्तापूर्ण रोज़गार मिलने में रुकावट आती है। आयोग ने कहा कि शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार समय पर परीक्षाएं होनी चाहिए। इसके साथ ही विद्यार्थी समय पर परिणाम प्राप्त करने के हकदार हैं। परिणाम घोषित होने के 180 दिनों के भीतर डिग्री मिल जानी चाहिए। नियमों का पालन नहीं करने पर यूजीसी ने कार्रवाई करने की बात कही है।

000

महान समाज सुधारक और महिला शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले की आज पुण्यतिथि है। इस अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट में सामाजिक जागरण के अग्रदूत ज्योतिबा फुले को नमन किया है। श्री शर्मा ने लिखा कि नारी शिक्षा और समानता के लिए जीवन समर्पित करने वाले ज्योतिबा फुले का योगदान समाज को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

000

भीलवाड़ा जिले में गिवअप अभियान के तहत अब तक करीब सवा दो लाख लोगों ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा सूची से स्वेच्छा से अपना नाम हटवाया है। सक्षम लोगों के हटने से जिले में 2 लाख 45 से अधिक पात्र लोगों को खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ा गया है।

000

गोवा में चल रहा 56वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–इफ्फी 2025 आज सम्पन्न होगा। 20 नवम्बर से शुरू हुए इस महोत्सव में 81 देशों की 240 से ज़्यादा फ़िल्में दिखाई गईं। इनमें वैश्विक सिनेमा की कई सर्वश्रेष्ठ फ़िल्में शामिल थीं। इस महोत्सव के दौरान दर्शकों ने फिल्म स्क्रीनिंग के साथ ही ज्ञानवर्धक मास्टर क्लास और फिल्म निर्माताओं तथा अभिनेता और अभिनेत्रियों के साथ बातचीत के विशेष सत्रों का भी आनंद लिया।

000